### मजदूर के अनाथ बच्चों से जुड़ी याचिका पर हाईकोर्ट के निर्देश

## लेबर कोर्ट पहले रोजगार के दस्तावेजों पर फैसला करे

जबलपुर। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विवेक जैन की एकलपीठ ने कटनी-सिंगरौली रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना में मजदूरी के दौरान जान गंवाने वाले सिवनी जिले के देवरी तहसील निवासी कुलपत दास कुलदीप के तीन नाबालिग बच्चों के हक में फैसला सुनाते हुए लेबर कोर्ट को सख्त निर्देश दिए हैं कि इस मामले में अंतिम फैसला सुनाने से पहले मृतक के रोजगार से जुड़े जरूरी दस्तावेजों को रिकॉर्ड पर लेने के आवेदन पर उचित निर्णय लिया जाए।

दरअसल वर्ष 2018 में काम के दौरान कोयले का बड़ा टुकड़ा गिरने से कुलपत की मौत हो गई थी, जिसके बाद



उसकी पत्नी बबली ने वर्ष 2019 में मुआवजे का दावा पेश किया था। उक्त मामला लंबित रहने के दौरान ही वर्ष 2023 में बबली का भी निधन हो गया, जिसके बाद 9 से 12 वर्ष की उम्र के कुलपत के तीनों अनाथ हो चुके बच्चों की जिम्मेदारी उनके नाना प्रेमदास ने संभाली और अब वे ही बच्चों के संरक्षक के रूप में न्याय की कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं।इस मामले में 4 मई 2026 को लेबर कोर्ट में अंतिम बहस पूरी हो चुकी थी, लेकिन तभी बच्चों और उनके नाना को पता चला कि मृतक कुलपत के रोजगार से जुड़े बेहद महत्वपूर्ण दस्तावेज अदालत के रिकॉर्ड पर शामिल ही नहीं किए गए हैं। नाबालिग होने के कारण बच्चों के पास यह रिकॉर्ड मौजूद नहीं था, इसलिए उनकी ओर से अधिवक्ता राकेश सिंह ने 6 मई 2026 को सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 11 नियम 14 के तहत संबंधित विभाग से दस्तावेज बुलाने के लिए आवेदन लगाया था। लेबर कोर्ट द्वारा इस जरूरी आवेदन पर तत्काल सुनवाई न किए जाने के कारण ही बच्चों की ओर से उच्च न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। यहां न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए स्पष्ट किया कि लेबर कोर्ट पहले दस्तावेजों से संबंधित इस आवेदन पर फैसला करे और उसके बाद ही मुख्य मामले में अपना अंतिम निर्णय सुनाए। एकलपीठ ने यह भी निर्देश दिया कि यदि लेबर कोर्ट बच्चों के इस आवेदन को खारिज करता है, तो उन्हें उस आदेश के खिलाफ आगे अपील करने के लिए पूरा और पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए।

### संपत्तियों के व्यावसायिक उपयोग और डिजिटल टैक्स सिस्टम पर फोकस

## नगर निगम को आत्म निर्भर बनाने की तैयारी

**जबलपुर।** जबलपुर नगर निगम को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए अब आय के स्थायी स्रोत विकसित करने की कवायद तेज हो गई है। राज्य वित्त आयोग प्रदेश के नगरीय निकायों की वित्तीय स्थिति का आकलन कर रहा है, जिसमें जबलपुर नगर निगम की आय, संसाधन और खर्चों की विस्तृत समीक्षा की जा रही है। उद्देश्य यह है कि निगम भविष्य में केवल सरकारी अनुदान पर निर्भर न रहे और स्वयं के संसाधनों से विकास कार्यों को गति दे सके।प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि संपत्ति कर, जल कर, बाजार शुल्क और अन्य पारंपरिक स्रोतों से नगर निगम को अपेक्षित राजस्व नहीं मिल पा रहा है। इसके चलते शहर में चल रहे विकास कार्यों और मूलभूत व्यवस्थाओं पर वित्तीय दबाव लगातार बढ़ रहा है। बढ़ती आबादी और शहर के विस्तार के कारण निगम के खर्चों में भी लगातार वृद्धि हो रही है।

#### दूसरे राज्यों के मॉडल का अध्ययन

राज्य वित्त आयोग अब उन राज्यों के मॉडल का अध्ययन कर रहा है जहां नगरीय निकायों ने अपनी आय बढ़ाने में सफलता हासिल की है। विशेष रूप से महाराष्ट्र समेत कुछ राज्यों में सार्वजनिक संपत्तियों के व्यावसायिक उपयोग, डिजिटल टैक्स कलेक्शन और बाजार प्रबंधन से स्थानीय निकायों की आय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इन्हीं व्यवस्थाओं को आधार बनाकर जबलपुर नगर निगम के लिए भी नई वित्तीय रणनीति तैयार किए जाने की संभावना है।

सूत्रों के मुताबिक आयोग नगर निगमों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई व्यावहारिक



सुझाव तैयार कर रहा है। इसमें कर वसूली प्रणाली को मजबूत करना, निगम की खाली जमीनों और भवनों का व्यावसायिक उपयोग बढ़ाना, ऑनलाइन टैक्स भुगतान को प्रोत्साहित करना और स्थानीय संसाधनों से अतिरिक्त राजस्व जुटाने जैसे विकल्प शामिल हो सकते हैं।

#### वित्त आयोग की सिफारिशों से मिलेगी मजबूती

नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि शहर में बढ़ते विकास कार्यों को लंबे समय तक जारी रखने के लिए वित्तीय आत्मनिर्भरता जरूरी हो गई है। यदि निगम के पास स्वयं के मजबूत आय स्रोत होंगे तो आधारभूत सुविधाओं और अधोसंरचना विकास में तेजी लाई जा सकेगी।गौरतलब है कि सोलहवें वित्त आयोग ने वर्ष 2026 से 2031 तक देश के नगरीय निकायों को बड़ी वित्तीय सहायता देने की अनुशंसा की है। इसके बाद अब राज्य वित्त आयोग यह तय करेगा कि नगर निगम जबलपुर सहित अन्य निकायों को किस प्रकार संसाधन और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। माना जा रहा है कि नए वित्तीय मॉडल लागू होने पर आने वाले समय में जबलपुर नगर निगम की आर्थिक स्थिति अधिक मजबूत हो सकती है।

## सार्वजनिक आतिशबाजी प्रदर्शन के लिए प्रशासन ने जारी किए सुरक्षा निर्देश

**जबलपुर।** जिला प्रशासन ने सार्वजनिक आतिशबाजी आयोजनों में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विस्फोटक नियम 2008 के पालन के निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आतिशबाजी प्रदर्शन के लिए आयोजकों को निर्धारित तिथि से दो माह पहले जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में लाइसेंस आवेदन करना होगा। निर्देशों के अनुसार प्रदर्शन स्थल और दर्शकों के बीच कम से कम 100 मीटर की दूरी रखना अनिवार्य होगा। अस्पताल, स्कूल और नर्सिंग होम से भी आयोजन स्थल 250 मीटर दूर होना चाहिए। प्रशासन ने केवल अधिकृत सामग्री के उपयोग और प्रशिक्षित कर्मियों की मौजूदगी को अनिवार्य बताते हुए अवैध आतिशबाजी पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

### कर्मचारी संघ की सदस्यता को लेकर खींचतान

## रादुविवि में अल्प वेतनभोगी कर्मियों को लेकर विवाद

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में अल्प वेतनभोगी कर्मचारियों को कर्मचारी संघ का सदस्य बनाए जाने के बाद विवाद गहरा गया है। विश्वविद्यालय में कार्यरत करीब 73 कर्मचारियों के संघ से जुड़ने पर आंतरिक राजनीति तेज हो गई है। आरोप है कि इसके बाद प्रशासनिक स्तर पर उनके वेतन से कटने वाले सदस्यता शुल्क की प्रक्रिया रोक दी गई और वेतन भुगतान भी लंबित कर दिया गया। मामले को लेकर कर्मचारियों ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत सौंपकर हस्तक्षेप की मांग की है।

कर्मचारी संघ अध्यक्ष संजय यादव का कहना है कि हाईकोर्ट के निर्देश के बाद अल्प वेतनभोगी कर्मचारियों को संघ की सदस्यता दी गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग विश्वविद्यालय की आंतरिक राजनीति के चलते




कर्मचारियों पर दबाव बना रहे हैं कि वे संघ से दूरी बनाए रखें। कर्मचारियों का कहना है कि सदस्यता और वेतन भुगतान दोनों अलग विषय हैं, इसके बावजूद उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है।

#### फाइल बदलने के आरोप से बढ़ा विवाद

कर्मचारियों के अनुसार अप्रैल माह के वेतन भुगतान के लिए पहले जो फाइल तैयार की गई थी, उसमें प्रति कर्मचारी 10 रुपए सदस्यता शुल्क कटौती का उल्लेख था। बाद में वह फाइल हटाकर नई फाइल तैयार की गई, जिसमें सदस्यता शुल्क नहीं जोड़ा गया। इसे लेकर कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ गई है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उनकी अनुमति के बिना अलग वेतन पत्रक तैयार किया गया, जो नियमों के विपरीत है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से शीघ्र वेतन भुगतान की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि समस्या का समाधान नहीं होने पर न्यायालय की शरण ली जाएगी।

### छतरपुर के चर्चित चतुर्वेदी कांड में आरोपी को मिली जमानत

जबलपुर। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, के न्यायमूर्ति प्रदीप मित्तल की सिंगल बेंच ने कथित गोलीकांड और अवैध शस्त्र रखने के आरोपी छतरपुर निवासी शैलेंद्र राजपूत की जमानत याचिका स्वीकार कर ली आरोपी के खिलाफ थाना लवकुश नगर, जिला छतरपुर में न्याय संहिता 2023 की धाराओं 248(ब), 231 एवं 61(2)(अ) तथा शस्त्र अधिनियम की धाराओं 25, 27 एवं 29 के अंतर्गत अपराध दर्ज किया गया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार दिनांक 15 मार्च 2026 को सह-आरोपी विपुल चतुर्वेदी ने अपने चाचा सुधाकर चतुर्वेदी को झूठे आपराधिक प्रकरण में फँसाने की नीयत से स्वयं अपनी बाईं जाँघ में गोली मारी तथा पुलिस को सूचना दी। जाँच में यह तथ्य प्रकाश में आया। शैलेन्द्र राजपुत को मात्र सह-आरोपी विपुल चतुर्वेदी के मेमोरेण्डम कथन के आधार पर इस षड्यंत्र में सहयोगी बताते हुए गिरफ्तार किया गया था। आवेदक से कोई भी शस्त्र या आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई थी।

## विवाह में आए सगे भाई ने ही की थी भाई के घर चोरी

### चरगवां वारदात का खुलासा, 5 लाख के जेवर बरामद

**जबलपुर।** देहात थाना क्षेत्र चरगवां के कोटवारी ग्राम में रहने वाले मोहन के घर पिछले दिनों वैवाहिक कार्यक्रम था जहां तमाम रिश्तेदारों के साथ ही बरगी के नारायणपुर से सगा भाई भी आया था। इसी भाई से अपने ही भाई के घर पर मौका पाकर रातो रात करीब 5 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवर तथा 74 हजार रुपये नकद पर हाथ साफ कर दिया था। मामले की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी भाई को गिरफ्तार कर चोरी गए जेवर व नगद राशि भी बरामद कर ली है।

इस संबंध में चरगवां थाने से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित मोहित झारिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 18 मई की रात को अज्ञात चोर ने उसके घर से सोने की 3 पांचाली, 2 मंगलसूत्र, चांदी की करधन, 2 जोड़ी पायल, 1 खुसना, 8 जोड़ी बिछिया, 1 जोड़ी



चूड़ा, बच्चों के 3 जोड़ी चांदी के चूड़े और नगद 74 हजार रुपये चोरी कर लिए हैं। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की तो संदेह के आधार पर पीड़ित के भाई मोहन मेहरा से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया, जिसके बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर खोखा रोड नहर की पुलिया के नीचे छुपाए गए करीब 5 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के शत-प्रतिशत जेवर और 73 हजार 400 रुपये नकद बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

दरअसल ग्राम कोटावारी निवासी मोहित झारिया के घर पर एक शादी समारोह का आयोजन था। इस समारोह में शामिल होने के लिए उसका सगा भाई मोहन मेहरा भी आया हुआ था। कार्यक्रम के दौरान ही आरोपी मोहन ने अपने भाई के घर की तिजोरी और पेटी पर नजर रख ली थी। रात के समय जब परिवार के सभी सदस्य व्यस्त और सोए हुए थे, तब आरोपी ने पेटी में रखे सोने और चांदी के कीमती आभूषणों समेत नकद रकम उड़ा दी और रात में ही अपने वर्तमान निवास स्थान नारायणपुर थाना बरगी चला गया ताकि किसी को उस पर शक न हो। शादी समारोह में आने के बाद उसके अचानक रात को ही वापस लौट जाने पर पुलिस को उस पर संदेह हुआ जिसके बाद पुलिस ने मोहन मेहरा को हिरासत में लिया और कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपने भाई के घर में ही चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपी ने बताया कि उसने चोरी की रकम में से 600 रुपये खर्च कर दिए थे। इसके बाद पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर खोखा रोड नहर के पास स्थित पुलिया के नीचे छिपाकर रखे गए जेवर और बचे हुए 73 हजार 400 रुपये नकद बरामद कर लिए।

## वृद्ध की लाश मिलने से सनसनी

### हाथ और गले में चोट के निशान पाए गए

**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे पर सड़क किनारे 'टॉप-10 ढाबा' के समीप एक अज्ञात वृद्ध का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पनागर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। मृतक की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। मृतक की उम्र लगभग 70 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने आसपास के थानों को इसकी सूचना दी है ताकि गुमशुदी के मामलों में तस्दीक की जा सके। पनागर थाना प्रभारी विपिन बिहारी सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच के दौरान पुलिस को बुजुर्ग के हाथों, घुटनों और गले के पास चोट व खरोंच के निशान मिले हैं। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पनागर पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों से पूछताछ की, लेकिन मृतक के संबंध में कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस ने मृतक का विवरण आसपास के थानों और नजदीकी जिलों में भी भेजा है, ताकि लापता लोगों की जानकारी से मिलान किया जा सके। अधिकारियों के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। वृद्ध के शरीर पर चोटों के निशान ने मामला पेचींदा बना दिया है। वृद्ध के शरीर पर किसी हादसे से यह चोटे आई या जान बचाने के संघर्ष के दौरान चोटे आई, इस बिन्दु पर भी पुलिस जांच को आगे बढ़ा रही है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## दो साल बाद भी नहीं मिला इंसाफ

### पुणे हादसे का दर्द भूले नहीं अश्विनी के माता-पिता

जबलपुर।

जबलपुर की सॉफ्टवेयर इंजीनियर अश्विनी कोष्टा की मौत से जुड़े चर्चित पुणे पोर्श हिट एंड रन मामले को दो वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन परिवार आज भी न्याय की आस लगाए बैठा है। 18 और 19 मई 2024 की रात पुणे में तेज रफ्तार पोर्श कार ने अश्विनी और उनके साथी को टक्कर मार दी थी। हादसे में दोनों की मौत हो गई थी। घटना के बाद देशभर में मामला सुर्खियों में आया था, क्योंकि कार एक नाबालिग चला रहा था, जिस पर शराब के नशे में होने के आरोप लगे थे।

जबलपुर निवासी अश्विनी के माता-पिता आज भी बेटी को याद कर भावुक हो जाते हैं। मां ममता कोष्टा ने कहा कि यदि उनकी बेटी आज जीवित होती तो परिवार को कई खुशियां देती। बेटी का जिक्र आते ही उनकी आंखें नम हो गईं। पिता सुरेश कोष्टा ने भी मामले में न्याय मिलने में हो रही देरी पर गहरी पीड़ा जताई।

#### फास्ट ट्रैक सुनवाई की मांग

परिवार का आरोप है कि दो साल बीतने के बाद भी मामले में कोई ठोस फैसला सामने नहीं आया। उनका कहना है कि यदि गंभीर मामलों में भी आरोपियों को आसानी से राहत मिलती रही तो इससे अपराधियों के हौसले बढ़ेंगे। ममता कोष्टा ने कहा कि विदेशों में ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई होती है, जबकि यहां पीड़ित परिवार न्याय के लिए भटकने को मजबूर है।परिजनों का कहना है कि वे हर दिन अपनी बेटी की याद में दर्द झेल रहे हैं और जब तक दोषियों को सख्त सजा नहीं मिलती, तब तक उन्हें न्याय व्यवस्था से संतोष नहीं मिलेगा।




## आईपीएल फाइनल को लेकर सट्टा कारोबारी सक्रिय

**जबलपुर।** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले आईपीएल फाइनल मुकाबले से पहले शहर में ऑनलाइन सट्टा कारोबार को लेकर हलचल तेज हो गई है। 31 मई को होने वाले फाइनल मैच के दौरान सट्टा खेलने और खिलाने की गतिविधियों को देखते हुए पुलिस और क्राइम ब्रांच अलर्ट मोड पर आ गई है। पुलिस अधिकारियों ने शहर और देहात के संवेदनशील इलाकों में मुखबिर तंत्र सक्रिय कर संदिग्ध स्थानों पर छापामार कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। बीते एक महीने में कई कार्रवाई होने के बाद स्थानीय स्तर पर सटोरिए सीधे तौर पर लिंक लेने से बच रहे हैं। चर्चा है कि दुबई, गोवा और मुंबई से ऑनलाइन सट्टे की लिंक संचालित हो रही हैं, जबकि कुछ सटोरिए हांगकांग से नेटवर्क जोड़कर खाईबाजी की तैयारी में जुटे हैं। पुलिस ने पुराने और चिन्हित सटोरियों पर विशेष नजर रखी हुई है।

**क्राइम ब्रांच और थाना पुलिस ने बढ़ाई निगरानी**

**ऑनलाइन एप और कोडवर्ड से चल रहा नेटवर्क-** पुलिस सूत्रों के अनुसार आईपीएल सट्टा अब पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से संचालित किया जा रहा है। एजेंटों के नाम और रकम कंप्यूटर व लैपटॉप में कोडवर्ड के जरिए दर्ज किए जाते हैं। सट्टा खेलने के लिए उपयोग किए जाने वाले एप सामान्य रूप से डाउनलोड नहीं किए जा सकते। भरोसेमंद ग्राहकों को विशेष लिंक भेजकर एप इंस्टॉल कराया जाता है, जिसके जरिए दांव लगाए जाते हैं।

**हर सीजन बदलते हैं डोमेन और लिंक-** जानकारी के मुताबिक सटोरिए हर आईपीएल सीजन में नए डोमेन और यूआरएल का उपयोग करते हैं। सीजन समाप्त होते ही पुराने डोमेन बंद कर दिए जाते हैं। एक-एक एजेंट को अलग सीसी लिमिट दी जाती है जिसके आधार पर वह रोजाना लाखों से करोड़ों रुपए तक का दांव संचालित करता है। पुलिस ने 28 मई के क्वालीफायर और 31 मई के फाइनल मुकाबले के दौरान रात में विशेष निगरानी और कार्रवाई की रणनीति तैयार की है।

## नये जबलपुर की बसाहट घोषणा बनकर रह गई

### भूकंप की 29वीं बरसी आज : झूठे निकले तमाम वायदे

जबलपुर।

आज से 29 साल पूर्व 22 मई 1997 की वह काली रात कोई नहीं भूल पाता, जब लोग गहरी नींद में सो रहे थे तब धरती हिली और पल भर में सब कुछ धराशायी हो गया था। इस विनाशकारी भूकंप में 22 लोगों की जाने गई थी और कई हजार मकान धराशायी हो गये थे। 6.5 रियेक्टर की तीव्रता वाले भूकंप ने जबलपुर की जमीन हिलाकर रख दी थी। मई के महीने में भीषण गर्मी होने की वजह से अधिकांश लोग घरों के बाहर सो रहे थे। इस कारण भगदड़ का माहौल बन गया था। भूकंप का अभिकेन्द्र बरेला रोड पर कोसमघाट के पास था। जहां सैकड़ों गरीबों की बस्तियां उजड़ गयी थी। 22 मई 1997 को सुबह 4 बजकर 22 मिनिट पर आये इस भूकंप की याद ताजा होते ही लोगों की रूह कांप जाती है। भूकंप आया, अपने साथ एक इतिहास जोड़कर चला गया। तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह तत्कालीन प्रधानमंत्री इंद्रकुमार गुजराल ने जबलपुर के क्षेत्रों का दौरा किया और बड़ी-बड़ी घोषणाएं की गई थी लेकिन उनमें से एक पर भी अमल नहीं हुआ। प्रदेश सरकार ने भूकंप पीड़ितों के लिए 5 साल तक भूकंप सरचार्ज के रूप में 6 सौ करोड़ रूपये इकट्ठा किया। लेकिन फूटी कौंडी भी जबलपुर को नहीं मिली। एक या दो सड़कों का निर्माण जरूर कराया गया। न तो नया जबलपुर बसा, न ही भूकंप पीड़ितों को लोन पर ब्याज माफ किया गया।

#### भूकंप वेधशाला भी नहीं बन सकी

भूकंप संवेदी जोन टीम में शामिल जबलपुर में एक अत्याधुनिक भूकंपमापी वेधशाला की आवश्यकता महसूस की गई थी लेकिन उस वक्त बरगी के पास आनन-फानन में एक वेधशाला स्थापित की गई, जो बाद में बंद हो गयी। आज स्थिति यह है कि भूगर्भीय हलचल के लिए दिल्ली वेधशाला पर निर्भर होना पड़ता है।

#### आपदा प्रबंधन का आज भी नहीं कोई इंतजाम

भूकंप के समय आपदा प्रबंधन को लेकर जो कड़वे अनुभव सामने आये थे, उस पर खूब चिल्लपों मची थी। लेकिन समय के साथ-साथ सब कुछ ठंडा हो गया। आज शहर में आपदा प्रबंधन के नाम पर कुछ भी नहीं है। न अस्पतालों में व्यापक व्यवस्थाएं है और न ही प्रशिक्षित नागरिक वार्डन कलेक्ट्रेट में आपदा प्रबंधन शाखा खोली गई थी लेकिन अब सिर्फ इस शाखा का एक ही काम भूकंप की बरसी पर आपदा प्रबंधन की रिहर्सल करना रह गया है। कोरोना काल के बाद से वह भी बंद हैं।

# जैन महिला परिषद ने बांटी सामग्री


सिहोरा।

अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद पार्श्वनाथ शाखा में सभी बहनों ने मदद का हाथ आगे बढ़ाते हुए निर्धन परिवार की आर्थिक मदद की जिसमें कुछ नगद राशि,कपड़े,अनाज सहित जरूरत की सामग्री शामिल थी। इसी तरह हवा–आंधी में इस परिवार के घर के टीन शेड उड़ गए थे उनको प्रांतीय संरक्षिका डॉ.किरण जैन के द्वारा टीन प्रदान गए। इस अवसर पर परिषद की आशा जैन, विजया जैन,निशा जैन,जयश्री जैन ,संगीता सिंघई,रानी जैन,ऊषा जैन,संध्या जैन,नीतू सिंघई,दीप्ति जैन,अनीता जैन,प्रज्ञा जैन,रूपाली जैन,किरण जैन,मुक्ता सिंघई ममता जैन,अल्पना जैन,नीतू जैन,सारिका जैन,मेघना जैन, शालिनी जैन,सरिता जैन,आभा,अनीता जैन,सुषमा जैन उपस्थित थीं।



## जबलपुर ने ओवरआल टीम चैम्पियनशिप जीती, 45 मैडल कब्जा

**जबलपुर।** इंदौर के नेहरू स्टेडियम में विगत 17 मई को आयोजित राज्य स्तरीय महिला, पुरुष स्ट्रेंग्थ लिफ्टिंग एवं इनक्लाइन बेंच प्रेस चैम्पियनशिप में जबलपुर संभाग के खिलाड़ियों ने अपनी शक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्ट्रांग मेन का खिताब एवं जूनियर यश पटेल, जूनियर बादल सिंह, सीनियर तुषार श्रीवास्तव, मास्टर वर्ग में नरेन्द्र तिवारी, प्रदीप पटेल, गुरुचरण महिला वर्ग, तुलसीदास, आस्था कोरी, आकृति विश्वकर्मा, धनुश्री ने स्ट्रांग मेन एवं वूमेन का खिताब जीता। जबलपुर संभाग अध्यक्ष एवं मप्र स्ट्रेंग्थ लिफ्टिंग सचिव सावित्री यादव ने बताया कि अन्य महिला, पुरुष खिलाड़ियों ने 22 गोल्ड, 23 सिल्वर मैडल जीते। टीम के कोच गुरुचरण श्रीवास्तव, प्रदीप पटैल एवं मैनेजर शिल्पी चौधरी रहे।

# युवा संगम में 184 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन



जबलपुर।

युवा संगम मेले का आयोजन शासकीय संभागीय आईटीआई जबलपुर में दिनांक 21.05.2026 को किया गया, जिसमें लगभग 265 आवेदकों का पंजीयन हुआ तथा उपस्थित कंपनियों में 184 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया। साथ ही साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्राचार्य शासकीय संभागीय आईटीआई जबलपुर अमित आठ्या, उपसंचालक रोजगार एम.एस. मरकाम, प्लेसमेंट अधिकारी ललित कुमार डेहरिया, रोजगार अधिकारी सतीश कावड़े, रोजगार अधिकारी सुषमा विश्वकर्मा, प्रशिक्षण अधिकारी अजीत वर्मा, वर्षा गायकवाड़, सुधा श्रीवास्तव, लक्ष्मी ठाकुर, पंकज झारिया, अभिजीत दुबे एवं रामसिह उईके उपस्थित रहे।

# जेडीए उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी ने हितग्राही मूलक कार्यों से संबंधित विभागों का निरीक्षण किया

जबलपुर।

जबलपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी द्वारा 21 मई को प्राधिकरण के हितग्राहीमूलक विभागों का निरीक्षण किया गया। संपदा शाखा, भू-अर्जन शाखा के निरीक्षण के दौरान आपने कार्यों की जानकारी ली तथा आमजनों से जुड़े प्रकरणों को समयसीमा में निराकरण हेतु निर्देशित किया। सिंगल विंडो के निरीक्षण के दौरान आपने कहा कि यह प्राधिकरण की महत्वपूर्ण शाखा है, जिसमें आगंतुक सर्वप्रथम जानकारी प्राप्त करता है। अतः सिंगल विंडो के कर्मचारियों को आगंतुकों से सौम्य व्यवहार रखने एवं उनकी वांछाओं के यथोचित समाधान की हिदायत दी। उपाध्यक्ष श्री केसरवानी द्वारा कार्यालय की साफ-सफाई व्यवस्था सुदृढ़ रखने एवं नस्तियों के उचित संधारण हेतु भी निर्देशित किया गया।



# सक्षम की राष्ट्रीय दृष्टि प्रकोष्ठ कार्यशाला 23 एवं 24 मई को

जबलपुर।

समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल (सक्षम) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय दृष्टि प्रकोष्ठ कार्यशाला जिसका मुख्य उद्देश्य दृष्टिबाधित व्यक्तियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है, का आयोजन दिनांक 23 एवं 24 मई को दादा वीरेंद्रपुरी नेत्र संस्थान (देवजी नेत्रालय), जोतपुर, तिलवाराघाट, जबलपुर (म.प्र.) में किया जा रहा है। प्रेस-वार्ता में सक्षम के राष्ट्रीय दृष्टि प्रकोष्ठ प्रमुख डॉ. पवन स्थापक ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य दृष्टिबाधितों की शिक्षा, स्वावलंबन, स्वास्थ्य और पुनर्वास, सामाजिक प्रतिष्ठा और सम्मान, एडवोकेसी और अधिकार विषयों पर उनका जागरण, उत्साहवर्धन एवं मनोबल बढ़ाना है। इस कार्यशाला में पूरे भारत के 36 प्रदेशों के अंधत्व के क्षेत्र में कार्य करने वाले लगभग 65 लोग भाग ले रहे हैं, इनके बीच में विषय के जानकार, विशिष्ट विद्वानों के उद्बोधन होंगे एवं परिचर्चा होगी।




राष्ट्रीय कार्यशाला में सक्षम के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. दयाल सिंह पवार (दिल्ली), राष्ट्रीय महासचिव एड. उमेश अंधारे (नागपुर), राष्ट्रीय दृष्टि प्रकोष्ठ सह प्रमुख विनोद प्रकाश आर. (बैंगलोर), एड. अजित कुमार (झारखंड) और डॉ. अमित कुमार शर्मा (दिल्ली) प्रमुख रूप से शामिल हो रहे हैं। कार्यशाला का उद्घाटन समारोह 23 मई को सुबह 9 बजे एवं समापन समारोह 24 मई को दोपहर 12:30 बजे होगा। पत्रकार वार्ता में डॉ. आशीष गुप्ता, डॉ. आयुष टंडन, पीयूष जैन एवं सक्षम के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

**‘अशिटाका’ करेगा खरपतवार पर वार, ‘टकाई’ से फॉल आर्मीवॉर्म से बचाव**

# मक्का किसानों के लिए गोदरेज एग्रोवेट के दो नए उत्पाद लॉन्च




**जबलपुर।** Godrej Agrovet ने मध्य प्रदेश के मक्का किसानों के लिए दो नए फसल सुरक्षा उत्पाद ‘अशिटाका’ और ‘टकाई’ लॉन्च किए हैं। जापान की ISK Japan के सहयोग से विकसित ये उत्पाद मक्के की खेती में बढ़ती खरपतवार और कीट समस्याओं से राहत देने के उद्देश्य से तैयार किए गए हैं। मध्य प्रदेश देश के प्रमुख मक्का उत्पादक राज्यों में शामिल है, जहां 15 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में मक्का की खेती होती है। खरपतवार और फॉल आर्मीवॉर्म जैसे कीटों के कारण किसानों को हर साल भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

कंपनी के क्रॉप केयर बिजनेस के सीईओ N. K. Rajavelu ने बताया कि ‘अशिटाका’ और ‘टकाई’ किसानों को बेहतर फसल सुरक्षा देकर उत्पादन बढ़ाने में मदद करेंगे। ‘अशिटाका’ मक्के के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया खरपतवार नाशक है, जो घास और चौड़ी पत्ती वाले खरपतवारों को नियंत्रित करता है। इसे खरपतवार की 2 से 4 पत्ती अवस्था में 50 मिलीलीटर प्रति एकड़ की मात्रा में उपयोग करने की सलाह दी गई है। यह 50 और 100 मिलीलीटर पैक में उपलब्ध रहेगा। वहीं ‘टकाई’ साइक्लाप्रिन टेक्नोलॉजी पर आधारित आधुनिक कीटनाशक है, जो मक्के में लगने वाले फॉल आर्मीवॉर्म के खिलाफ प्रभावी माना जा रहा है। कंपनी के जीएम मार्केटिंग Anil Chaube ने कहा कि दोनों उत्पाद किसानों को संपूर्ण फसल सुरक्षा प्रदान कर बेहतर गुणवत्ता और अधिक पैदावार हासिल करने में सहायक होंगे।

# श्रीमद् भागवत कथा श्रवण कर रहे भक्त



**जबलपुर।** आदर्श केशरवानी वैश्य समाज संगठन हाथीताल सभा के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा, जिसे परम पूज्य जगतगुरु नर्सिंग महाराज के श्रीमुख से सुनने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है।

इस पावन अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कथा का श्रवण कर पूज्य महाराज के सानिध्य में कैलाशपुरी दुर्गा मंदिर में पूजन एवं आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस पुण्य आयोजन पर पधारने हेतु हाथीताल केशरवानी समाज राकेश सिंह का हृदय की गहराइयों से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करता है। इस अवसर पर राजेश केसरवानी (प्रबंधन मंत्री) केसरवानी वैश्य सभा मध्य प्रदेश, जिला सहसंयोजक बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ भाजपा महानगर जबलपु उपस्थित रहे।

# जबलपुर में 23-24 मई को होंगे साहू समाज के राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम



**जबलपुर।** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के मार्गदर्शन एवं मप्र तैलिक साहू सभा के संयोजन में 23 एवं 24 मई को जबलपुर में राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की जानकारी कचनार क्लब विजय नगर में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने दी। उन्होंने बताया कि 23 मई को प्रातः 11 बजे कचनार क्लब में मप्र तैलिक साहू सभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होगा। वहीं दोपहर 2 बजे राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण सम्मेलन होगा, जिसमें देशभर एवं मध्यप्रदेश के 56 जिलों से महिला प्रतिनिधि शामिल होंगी। कार्यक्रम में जयदत्त क्षीरसागर एवं केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद विवेक साहू, आशीष दुबे सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय एवं प्रदेश अध्यक्ष आभा साहू ने बताया कि सम्मेलन में महिला सशक्तिकरण, लघु उद्योग प्रोत्साहन, संगमरमर उत्पादों की प्रदर्शनी एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। वहीं 24 मई को अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित होगी, जिसमें देशभर से समाज के प्रतिनिधि भाग लेकर सामाजिक एवं राजनीतिक भागीदारी सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

# कांग्रेस ने मनाई राजीव गांधी की पुण्यतिथि



**सिहोरा।** जिला ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव के निर्देशन पर संचार क्रांति के जनक पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 35 वीं पुण्यतिथि पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन सोनी के संयोजन में श्रद्धांजलि एंव संगोष्ठी का आयोजन खितौला बाजार स्थिति कार्यालय किया गया।

संगोष्ठी पूर्व विधायक सुनील तिवारी के मुख्य आतिथ्य, अमोल चौरसिया की अध्यक्षता, बाबा कुरैशी, के के कुररिया, सुदीप पांडे, संदीप ब्यौहार, घनश्याम बड़गैया, संतोष पांडे,मंसूर मंसूरी, फैज आलम शाह,शेख साबिर, आलोक पांडे, गणेश दाहिया, गौस भाई आजाद, लाल बहादुर पाठक, जगदीश सैनी,जमीला बानो, राहुल पांडे, अदिती शुक्ला, वर्षा सोनी, डब्बू पाठक के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। जिसमें स्वर्गीय राजीव गांधी द्वारा देश के लिए किए गये विकास कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अनेक कांग्रेस जन उपस्थित थे।




**श्रीमती भागवती बाई कुशवाहा-** दुर्गा नगर परसवाड़ा धनवंतरी नगर निवासी श्री मूलचंद कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती भागवती बाई कुशवाहा (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रतन गुर्जर-** कालीमठ आमनपुर मदनमहल निवासी श्री बलवंत सिंह गुर्जर की धर्मपत्नी श्रीमती रतन गुर्जर (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सजिन मराठा जंगे-** साइंस कॉलेज कॉलोनी पचपेढ़ी रोड निवासी श्री सुरेंद्र मराठा जंगे के पुत्र श्री सचिन मराठा जंगे (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छोटे लाल सोनकर-** हनुमानताल थाने के पीछे निवासी श्री छोटे लाल सोनकर (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विजेंद्र गुप्ता-** एलआईजी 394, भूकंप कॉलोनी धनवंतरी नगर निवासी श्री विजेंद्र गुप्ता (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दशरथ बंशकार-** प्रेमसागर निवासी श्री दशरथ बंशकार (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कविता स्वामी-** संजीवनी नगर गढ़ा निवासी श्री अशोक स्वामी की धर्मपत्नी श्रीमती कविता स्वामी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय रैकवार-** छोटी ओमती पुल के पास निवासी श्री लखन लाल रैकवार के पुत्र श्री विजय रैकवार (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री आनंद नायडू-** सुंदर विहार ज्ञान विहार गिरिराज किशोर वार्ड निवासी श्री आनंद नायडू (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुशीला झा-** कांचघर मेन रोड निवासी श्री सुरेंद्र कुमार झा की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला झा (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नित्तू चौधरी-** शंकरशाह नगर रामपुर निवासी श्री टिल्लूराम चौधरी के पुत्र श्री नित्तू चौधरी (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रेमचंद कुकरेजा-** सिंधी गुरूद्वारा गोसाईं दरबार के पास लालमाटी निवासी श्री प्रेमचंद कुकरेजा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रामचरण सिंह कुशवाहा-** सुमन नगर रिछाई निवासी श्री रामचरण सिंह कुशवाहा (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मीना बाई कोल-** बड़ी बर्न कम्पनी छुई खदान श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री राजकुमार कोल की धर्मपत्नी श्रीमती मीना बाई कोल (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नत्थू सिंह-** इंद्रा नगर बिलपुरा निवासी श्री नत्थू सिंह (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री महेंद्र डी बावीसी-** नर्मदा रोड निवासी श्री महेंद्र डी बावीसी (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री दीपक मिश्रा-** बस्ती नं. 2, अमखेरा गोहलपुर निवासी श्री राम सेवक मिश्रा के पुत्र श्री दीपक मिश्रा (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**नाम परिवर्तन**

मैं, अजय रावत पिता स्व. श्री गौरी शंकर रावत, निवासी: एच.आई.जी. 6, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कटंगा, जबलपुर (म.प्र.) 482001, यह घोषित करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट नंबर Z3128294 में मेरा नाम गलती से अजय कुमार रावत अंकित हो गया है। मैंने अपना नाम बदलकर अजय रावत कर लिया है।भविष्य में मुझे इसी नए नाम से जाना व पहचाना जाए।

**पूर्व नाम- अजय कुमार रावत**
**संशोधित नाम- अजय रावत**
**पिता का नाम- स्व. श्री गौरी शंकर रावत**

SS

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY No. 2709094H, RANK- NK, NAME JAI SINGH S/O JAIPAL, OF UNIT 5 GRENADIER, JABALPUR (M.P.), R/O NEAR KUAA VILLAGE GULAWAD PALWAL HARYANA 121107 solemnly declare and affirm on oath under, I am presently residing at the above mentioned address. My Mother Aadhar card, my Mother Name **BIDAYA DEVI** which is true and correct but in my Army service Record my Mother Name is recorded **VIDYA** Which is incorrect. The true and correct Name of my Mother is **BIDAYA DEVI** and same Name shall be corrected in my Army service Record. For the above variation Name of my Mother this affidavit is being furnished.

**CORRECT NAME**
**BIDAYA DEVI**
**INCORRECT NAME**
**VIDYA**

**न्यायालय तहसीलदार**
**रांझी, जबलपुर**
रा.प्र.क्र./ 283/ अ-6/2026-27
**// आम इश्तहार //**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती लता दयानी पिता श्री भीमन दास नि. - 2259 चांदमारी रोड लालमाटी शुक्ला ने नजूल ब्लाक नं. 147, प्लाट नं 1/88, 1/89 रकबा 549, व.फु./हे. ग्राम करियापाथर प.ह.नं..... खसरा नं. .... रकबा 549 व.फु./ हे. पर विक्रयपत्र / हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक 04/05/2023 मृत्यु दिनांक...... को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र......खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा / पटवारी /डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ........ब्लाक नं. 147 प्लाट नं. 1/88, 1/89 रकबा 549 व.फु./हे. पर ग्राम करियापाथर, प.ह.नं..... खसरा नं..... रकबा 549 व.फु./ हे. के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 25/05/2026 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियम दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 07/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 07/05/2026
पेशी दिनांक- 25/05/2026

मुहर
तहसीलदार
रांझी जबलपुर

**नाम सुधार**

मैं, नवदीप कौर मल्होत्रा उम्र लगभग 29 वर्ष पिता हरकेश सिंह मल्होत्रा वर्तमान निवासी 211/1-D, गोरखपुर गुरुद्वारा के पीछे, वार्ड नंबर 12, जॉर्ज डिसिल्वा वार्ड, जबलपुर मप्र आधार कार्ड क्रमांक 7475 9869 5077 की स्थाई निवासी हूँ। मेरे आधार कार्ड क्रमांक 7475 9869 5077 में मेरा नाम नवदीप कौर भाटिया (NAVDEEP KAUR BHATIA) दर्ज हो गया है जो कि पूर्णतः गलत व अमान्य है। मेरा सही व सत्य नाम नवदीप कौर मल्होत्रा (NAVDEEP KAUR MALHOTRA) है जो कि मेरे पेन कार्ड, पासपोर्ट व शैक्षणिक दस्तावेजों में दर्ज है। मेरा सही व सत्य नाम नवदीप कौर मल्होत्रा (NAVDEEP KAUR MALHOTRA) को मेरे आधार कार्ड, में दर्ज करने हेतु अखबार प्रकाशन कर रही हूँ। शपथ पत्र दिनांक 21/05/2026 नोटरी महोदय रामदास शर्मा मप्र उच्च न्यायालय, जबलपुर मप्र

सही नाम-नवदीप कौर मल्होत्रा
(NAVDEEP KAUR MALHOTRA)
गलत नाम-नवदीप कौर भाटिया
(NAVDEEP KAUR BHATIA)

**CHANGE OF NAME**

I, **MONIKA TOMAR** (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of No **15456684H** Rank **SEP** Name **KAPIL TOMAR** presently, residing at **VILL- MAUKHAS, PO- MAUKHAS, TEH- MEERUT, DISTT- MEERUT (UTTAR PRADESH)-250001** I, have changed of my name from **MONIKA TOMAR** (Name as per my Husband, Army service records) to **MONIKA PUNDIR** (name as per my **AADHAR CARD NO. 4290 9294 4406 AND PAN CARD NO. FVVPP4391E)** vide affidavit dated **20/05/2026** formerly before Public Notary JABALPUR (MP)

**CORRECT NAME**
**MONIKA PUNDIR**
**INCORRECT NAME**
**MONIKA TOMAR**

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, **GANESH BAHADUR THAPA** is legally **Father** of No **15740709K** Rank **LOC HAV** Name **BITU THAPA** presently, residing at **VILL NO. 2 RAJAPUKHURI, PO- RAJAPUKHURI, TEH-DHANSIRI, DISTT-GOLAGHAT (ASSAM)-785601** I, have changed my name and date of birth from name **GANESH THAPA** and date of birth **01/07/1959** (Name and date of birth as per my **SON, Army** service records) to name **GANESH BAHADUR THAPA** and date of birth **02/03/1959** (name and date of birth as per my **AADHAR CARD NO. 7985 9079 7632)** vide affidavit dated **21/05/2026** formerly before Public Notary JABALPUR (MP)

**CORRECT NAME**
**GANESH BAHADUR THAPA**
**INCORRECT NAME**
**GANESH THAPA**
**CORRECT DATE OF BIRTH**
**02/03/1959**
**INCORRECT DATE OF BIRTH**
**01/07/1959**



# साइप्रस में शूट होने वाली पहली बॉलीवुड फिल्म बनेगी इश्का...

**मुंबई।** अंजलि भूषण मागो ने गुरुवार को अपनी फीचर फिल्म 'इश्का' की घोषणा कर दी है। करण जौहर की फिल्म 'कुछ कुछ होता है' से बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर अपने कॅरियर की शुरुआत करने वाली अंजली भूषण मागो जल्द ही अपनी पहली फिल्म पर काम शुरू करेंगी। 'इश्का' नाम से बनने वाली इस फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होगी। खास बात यह है कि ये पहली ऐसी फिल्म होगी जो साइप्रस में शूट होगी। इस बारे में फिल्म के मेकर्स और साइप्रस के अधिकारियों ने शेयर की है। फिल्म 'इश्का' की शूटिंग पर साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स ने भी खुशी जताई।

लाइफ Style

# रुचि

## चेहरा छुपाकर उठाई घूंघट प्रथा के खिलाफ आवाज

एक्ट्रेस रुचि गुज्जर ने हाल ही कान फिल्म फेस्टिवल में शिरकत की और छा गईं। दरअसल, वह राजस्थानी लिबास पहने और घूंघट निकाले रेड कार्पेट पर नजर आईं, जिसने दुनियाभर का ध्यान अपनी ओर खींचा। उन्होंने सदियों पुरानी घूंघट की प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई, जो भारत के कई हिस्सों में अभी भी चली आ रही है।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

रुचि गुज्जर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस घूंघट प्रथा को खत्म करने के लिए कड़े कदम उठाने का भी आग्रह किया, ताकि महिलाओं की स्वतंत्रता और समानता को बढ़ावा मिल सके। इंटरनेट की दुनिया में रुचि गुज्जर के इस कदम की खूब तारीफ हो रही है। राजस्थान की रहने वालीं रुचि गुज्जर ने कान फिल्म फेस्टिवल से ग्लोबल इवेंट को फैशन के बजाय अहम सामाजिक मुद्दे के खिलाफ आवाज उठाने के लिए इस्तेमाल किया। इस कारण हर कोई उनका मुरीद हो गया है। लोगों ने उनके निडर स्वभाव और आत्मविश्वास की जमकर तारीफ की है। हर कोई जानना चाह रहा है कि आखिर रुचि गुज्जर कौन हैं? कान के दौरान बातचीत में रुचि गुज्जर ने कहा, 'घूंघट कभी भी महिलाओं की पहचान नहीं बनना चाहिए। समाज में महिलाओं को समान स्वतंत्रता, सम्मान और अवसर मिलने चाहिए। मेरा मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के लिए हमेशा साहसिक निर्णय लिए हैं, और मुझे उम्मीद है कि जबरन घूंघट प्रथा के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए भी कदम उठाए जाएंगे।' रुचि गुज्जर ने यह भी कहा कि उन्होंने घूंघट चुप रहने के लिए नहीं पहना, बल्कि विरोध के रूप में पहना।



## हॉलीवुड मसाला



# ही- मैन एंड... का हिंदी ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** 'ही-मैन एंड द मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स' भारत में अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु और मलयालम में रिलीज होगी। जहां अंग्रेजी ट्रेलर ने पहले ही फैंस को इटर्निया की दुनिया की रोमांचक झलक दिखाई थी, वहीं नया हिंदी ट्रेलर कुछ और भी खास लेकर आया है। इसमें खुलासा हुआ है कि जावेद जाफरी एक बार फिर अपनी आवाज से विलन स्केलेटर को जीवंत कर रहे हैं। इस बार उनके साथ उनके बेटे मीजान जाफरी भी जुड़े हैं, जो स्क्रीन पर निकोलस गैलिट्ज़ीन द्वारा निभाए गए ही-मैन को अपनी आवाज दे रहे हैं।



## तीन दशक बाद अलग हुआ बार्बी गर्ल गाना बनाने वाला बैंड एक्वा

**लॉस एंजिल्स।** पॉपुलर सांग 'बार्बी गर्ल' को दुनिया भर के फैंस ने काफी प्यार दिया था। इसके साथ ही डेनमार्क के यूरोडांस समूह 'एक्वा' एक ब्रांड के तौर पर उभरा था। मगर अब लाइव बैंड के रूप में काम न करने का फैसला किया है। सोशल मीडिया के जरिए बैंड ने आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा की। डेनमार्क स्थित यूरोडांस समूह 'एक्वा' ने लगभग तीस साल बाद बैंड की समाप्ति की जानकारी फैंस को दे दी है। 1997 में रिलीज हुए गाने 'बार्बी गर्ल' से सफलता पाने वाले यह बैंड दुनियाभर में मशहूर था। 18 मई को इस खबर को प्रशंसकों से साझा करते हुए कहा,'अलविदा कहने का यह सही समय है। जबकि संगीत ,कहानी और एक-दूसरे के प्रति हमारा प्यार बरकरार है। कई शानदार वर्षों के बाद हमने इसके लाइव बैंड के रूप में 'एक्वा' को समाप्त करने का फैसला लिया है।' 'एक्वा' बैंड के सदस्य निस्ट्रॉम, रेने डिफ और सोरेन रास्टेड ने अपनी पोस्ट में फैंस का शुक्रिया कहा।



# मिस यूनिवर्स जीत के 32 साल का जश्न

**मुंबई।** सुष्मिता सेन ने 32 साल पहले मिस यूनिवर्स का खिताब जीता था। उसी खास पल को उन्होंने याद करते हुए एक पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। साल 1994 में सिर्फ 18 साल की उम्र में सुष्मिता ने यह इतिहास रचा था। वह मिस यूनिवर्स का ताज पहनने वाली पहली भारतीय महिला बनी थीं। सुष्मिता ने इस खास तस्वीर के साथ पुरानी यादों को शेयर करते हुए लिखा, 'मैं इस बात के लिए बहुत आभारी हूं कि पिछले 32 साल से मेरे चेहरे पर यह मुस्कान बनी हुई है।' उन्होंने आगे लिखा, 'मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं। फिलीपींस में बिताया वह समय मुझे हमेशा याद रहेगा। आप सभी को मेरा बहुत प्यार।' 1994 की मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में सुष्मिता सेन ने दुनिया भर की 76 सुंदरियों को पीछे छोड़कर यह खिताब जीता था।




# जेल में कैद बॉबी ने लूटा मजमा...

**मुंबई।** बॉबी देओल कॅरियर की दूसरी पारी में लीक से हटकर किरदार कर रहे हैं। अनुराग कश्यप निर्देशित फिल्म बंदर में बॉबी देओल एक बार फिर से इंटेंस रोल में दिख रहे हैं। ट्रेलर में बॉबी ने मजमा लूट लिया है। फिल्म के ट्रेलर में उनके किरदार में कई शेड्स नजर आ रहे हैं। फिल्म बंदर के ट्रेलर की शुरुआत बॉबी देओल के किरदार के साथ होती है, जो कम उम्र की लड़कियों को डेट करता है। लेकिन, एक लड़की से मुलाकात उसकी जिंदगी बदल देती है। उसे सलाखों के पीछे धकेल देती है। बॉबी देओल का किरदार खुद को बेगुनाह कहता है, लेकिन कोई उसकी नहीं सुनता है। बंदर के ट्रेलर को देखकर लगता है कि यह कहानी दुष्कर्म के झूठे आरोप पर आधारित है। बॉबी का किरदार इस वजह से जेल भी जाता है। जेल के बुरे अनुभवों से वो गुजरता है।

## टीवी मसाला



# नए टीवी शोज की वजह से अनुपमा को लगा झटका

**नई दिल्ली।** इन दिनों कई पुराने और नए टीवी शोज दर्शकों को पसंद आ रहे हैं। 19वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट और इनकी रेटिंग सामने आ चुकी है। स्मृति ईरानी का शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' और रुपाली गांगुली का शो 'अनुपमा' सभी दर्शकों का पसंदीदा टीवी शो रहा है। लेकिन, अब नए शोज ने इन सबसे चर्चित सीरियल्स को पछाड़ दिया है और दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बना ली है। इन दिनों दर्शकों को पुराने चर्चित शो की जगह नए सीरियल्स ज्यादा पसंद आ रहे हैं। इस लिस्ट में सबसे ऊपर है टीवी शो- वसुधा। दर्शक वसुधा शो को सबसे ज्यादा पसंद कर रहे हैं। यही वजह है कि इस शो ने 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' और 'अनुपमा' जैसे सबसे चर्चित शोज को पछाड़ दिया है। 'वसुधा' सीरियल ने 19वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में पहले नंबर पर जगह बनाई है। इसे 1.8 टीआरपी मिली है। 19वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में भी एक नए शो ने अपनी जगह बनाई है। इस शो का नाम है- 'गंगा माई की बेटियां'। इस हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'गंगा माई की बेटियां' को 1.7 की रेटिंग मिली है। इस शो को पिछले हफ्ते भी यही रेटिंग और स्थान मिला था। टीवी शो 'गंगा माई की बेटियां' इस हफ्ते टीआरपी लिस्ट में दूसरे स्थान पर है। स्मृति ईरानी का सबसे चर्चित टीवी शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' इस हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में तीसरे नंबर पर है। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को 1.6 की रेटिंग मिली है। पिछले हफ्ते इसे 1.7 की रेटिंग मिली थी। चौथे स्थान पर सीरियल 'तुम से तुम तक' है। इसे भी 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' की तरह 1.6 की रेटिंग मिली है। रुपाली गांगुली का सबसे चर्चित टीवी सीरियल शो 'अनुपमा' इस हफ्ते पांचवें नंबर पर है। 18वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में इसकी टीआरपी रेटिंग 1.5 है।

## 'तुम मोटी हो, तुम यहां क्यों बैठी हो?'

**नई दिल्ली।** जानी-मानी कोरियोग्राफर और टीवी जज गीता कपूर जल्द ही रियलिटी शो 'इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5' में नजर आने वाली हैं। शो के शुरू होने से पहले गीता कपूर ने सोशल मीडिया ट्रोलिंग, बॉडी शेमिंग और रियलिटी शोज की स्क्रिप्टिंग को लेकर खुलकर बात की। इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया कि टीवी के शुरुआती दिनों में लोगों की बातें उन्हें काफी प्रभावित करती थीं। गीता कपूर ने कहा, 'जब हम पहली बार टीवी पर आए थे, तब सोशल मीडिया इतना बड़ा नहीं था, लेकिन तब भी हेट मेल आते थे। शुरुआत में मुझे बहुत फर्क पड़ता था। लोग कहते थे, 'तुम मोटी हो, 'तुम यहां क्यों बैठी हो?', 'तुम खुद को डांसर कैसे कह सकती हो?' खासकर इसलिए क्योंकि मैं दो फिट और गुड लुकिंग पुरुषों के बीच बैठती थी। मेरे हिसाब से मैं फिट थी, लेकिन हर किसी का नजरिया अलग होता है।'



# खेती का फर्स्ट लुक जारी, डर और सस्पेंस से भरी दिखी पहली झलक

**मुंबई।** अभिनेता जैकी श्रॉफ की अपकमिंग फिल्म 'खेती' का फर्स्ट लुक मेकर्स ने जारी कर दिया है। फिल्म हॉरर स्टोरी पर बेस्ड है। पोस्टर से फिल्म काफी सस्पेंसफुल और डरावनी नजर आ रही है। इसके साथ ही यह किसी गांव की पृष्ठभूमि पर आधिरित कहानी लग रही है। फिल्म खेती अपने पोस्टर से ही काफी डर पैदा करती है। पोस्टर में चारों तरफ खेत हैं। इन्हीं के बीच में एक चेहरा दिखाई दे रहा है। जो स्पष्ट रूप से नहीं दिखाई देता कि किसका है। मगर एक डार्क वाइब क्रिएट करता है। फिल्म खेती में जैकी श्रॉफ और शरद केलकर मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे। इसके साथ ही छोटे पर्दे की चर्चित अभिनेत्री नेहा सरगम भी इस फिल्म से बड़े पर्दे पर दिखाई देंगी। इसके अलावा वीरेंद्र सक्सेना, शाजी चौधरी भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। हालांकि अभी फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा नहीं की है। फिल्म खेती के पहले जैकी श्रॉफ की फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' का फैंस को इंतजार है। इस फिल्म में जैकी एक सुपरहीरो दादा की भूमिका में नजर आएंगे। आज निर्माताओं ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है। इसी के साथ जानकारी दी है कि 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' फिल्म इस साल 29 मई को रिलीज होगी।



# हसरत ने हिंदू प्रेमिका की शादी वाले दिन लिखा था 'दिल के झरोखे में' गाना...

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के दिग्गज लिरिसिस्ट कुछ ऐसे गाने लिख गए जिन पर आज भी चर्चा होती है। ऐसा ही एक गाना है हसरत जयपुरी का लिखा गाना दिल के झरोखे में तुझको बिठाकर। यह गाना शम्मी कपूर पर फिल्माया गया है। वह शूट के वक्त मुश्किल से अपने आंसू रोक पाए थे। कम लोग जानते हैं कि हसरत जयपुरी ने जिस दिन यह गाना लिखा था, उनकी प्रेमिका की शादी थी। वह जिसे पसंद करते थे वह हिंदू थी। धर्म की वजह से दोनों नहीं मिल सके और उसकी डोली उठी तो हसरत ने उसकी यादों को दुल्हन बनाकर दिल के पास रखने का फैसला लिया।



### जब शम्मी कपूर नहीं रोक पाए अपने आंसू

इस गाने की शूटिंग से जुड़ा किस्सा भी इंट्रेस्टिंग है। इंडियन आइडल के एपिसोड में मनोज मुंतशिर ने बताया था कि गाना गाने के लिए शम्मी कपूर ने पहले मना कर दिया था। उन्होंने जब गाना सुना तो इस सिचुएशन को विजुअलाइज किया। वह इमोशंस कंट्रोल नहीं कर पाए और उनके आंसू आने लगे। उन्होंने गाना सुनकर मना कर दिया और बोले, प्लीज इसे बदल दो। दरअस,ल इस सीन में उनको रोना नहीं था। शम्मी को लग रहा था कि सीन में घुस गए तो आंसू रोकना मुश्किल हो जाएगा।

### लड़कपन में लिखा था गाना

हसरत जयपुरी ने हिंदी सिनेमा को कई बेहतरीन गाने दिए। वह छोटी उम्र से ही गीत लिखने लगे थे। जब बड़े हुए तो कच्ची उम्र के प्यार के दौरान लिखे गए गाने उन्होंने फिल्मों में दे दिए। ऐसा ही एक गाना था दिल के झरोखे में तुझको बिठाकर। हसरत जयपुरी को उनके पड़ोस में रहने वाली लड़की से प्यार था। उस जमाने का प्यार बस आंखों-आंखों में और लव-लेटर वाला होता था। हसरत राधा के लिए लव-लेटर और गाने लिखते, लेकिन दे नहीं पाते थे। इसी डर में उन्होंने लिख डाला था, ये मेरा प्रेम पत्र पढ़कर कि तुम नाराज ना होना।

### धर्म की वजह से नहीं बनी बात

दोनों एक-दूसरे को पसंद करते थे। लेकिन धर्म अलग था तो राहें अलग होनी ही थीं। एक दिन आया जब राधा की शादी हो गई। हसरत को कुछ कर नहीं सकते थे, लेकिन अपने दर्द को उन्होंने गाने का रूप दिया। उन्होंने लिखा, दिल के झरोखे में तुझको बिठाकर, यादों को तेरी मैं दुल्हन बनाकर, रखूंगा मैं दिल के पास, मत हो मेरी जां उदास...शम्मी कपूर की फिल्म ब्रह्मचारी की सिचुएशन पर यह गाना फिट बैठ गया। हसरत ने यह गाना दिया।

## मनोरंजन का लगेगा मेला, वीकेंड में लोगों की दूर होगी बोरियत

# आज ओटीटी और थिएटर्स में आएंगी ये फिल्में-सीरीज

*__नई दिल्ली।__ हर शुक्रवार सिने प्रेमियों के लिए बेहद स्पेशल होता है। फ्राइडे टू फ्राइडे न सिर्फ ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर फिल्मों और सीरीज का भूचाल आता है, बल्कि सिनेमाघर भी नई-नई मूवीज के साथ जगमगा उठते हैं। तो चलिए देर किस बात की है, फटाफट से देख लेते हैं मई के चौथे शुक्रवार की रिलीज की पूरी लिस्ट, ताकि इस चिलचिलाती गर्मी में आपको घर से बाहर न निकलना पड़े और वीकेंड पर आपकी बोरियत भी दूर हो जाए।*



**सिस्टम** : सिस्टम एक कोर्टरूम थ्रिलर ड्रामा है, जिसमें सोनाक्षी सिन्हा और नेहा राजवंश मुख्य भूमिका में हैं, जो सरकारी वकील बने हैं। 10 हाई प्रोफाइल मामलों को जीतने और अपने पापा की लॉ फर्म को सिक्योर करने के लिए वह सारिका रावत (ज्योतिका) के साथ एक अलाइंस बनाते हैं। साथ मिलकर किसी तरह वह सिस्टम में रहकर अन्याय के खिलाफ लड़ते हैं, कहानी इस बारे में हैं। रिलीज डेट- 22 मई, टफॉर्म- अमेजन प्राइम वीडियो, जॉनर- कोर्टरूम ड्रामा।

**मधुविधु** : मलयालम भाषा में बनी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म अमुथाराज की जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो बैचलर है और एक अव्यवस्थित मेल हाउस में रहता है। उसकी दुनिया तब घूमती है, जब उसे स्नेहा नाम की लड़की से मोहब्बत हो जाती है। वह इंटरफेथ मैरिज को लेकर आने वाली मुश्किलों को तो पार कर लेते हैं, लेकिन फिर उन्हें पुरुषों से भरे हाउस में आगे की जिंदगी जीने में परेशानी आती है। रिलीज डेट- 22 मई, प्लेटफॉर्म- सोनी लिव, जॉनर- रोमांटिक कॉमेडी।

**वॉरंट** : वॉरंट एक छोटे से कस्बे के कांस्टेबल कोट्टई करप्पुसामी की कहानी है। कोट्टई को उसके घर के बड़ों ने हमेशा बुली किया और साथ ही उसका अपमान किया। कई सालों तक यह दर्द झेलने के बाद वह एक क्रूर अपराधी में बदल जाता है, जिसका अंत बेहद दर्दनाक होता है। रिलीज डेट- 22 मई, प्लेटफॉर्म- जी5, जॉनर- क्राइम ड्रामा।

**चांद मेरा दिल** : अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी की जोड़ी बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए बिल्कुल तैयार है। विवेक सोनी के निर्देशन में बनी यह फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस रोमांटिक ड्रामा कहानी में दो इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स की कॉलेज की जर्नी से लेकर एडल्टहुड तक के खूबसूरत सफर को दिखाया गया है। रिलीज डेट- 22 मई, प्लेटफॉर्म- सिनेमाहॉल, जॉनर- रोमांटिक ड्रामा।

**स्टार वॉर्सः द मंडलोरियन एंड ग्रोगु** : जॉन फेवरोऊ के निर्देशन में बनी स्टार वॉर्सः द मंडलोरियन एंड ग्रोगु को स्पेशल तौर पर आईमैक्स के लिए तैयार किया गया है। यह डिज्नी की लोकप्रिय सीरीज की कहानी को आगे बढाती है, जिसमें बाउंटी हंटर डिन जारिन और उसका छोटा सा साथी ग्रोगु एक खतरनाक मिशन पर निकलते हैं। रिलीज डेट- 22 मई, प्लेटफॉर्म- सिनेमाहॉल, जॉनर- वॉर ड्रामा।

***लेडीज फर्स्ट*** *: महिलाओं के बीच लोकप्रिय डेमियन की जिंदगी तब पूरी तरह से उथल-पुथल होती है, जब वह दूसरी दुनिया में जाकर वह खुद को एक महिला के साथ पाता है, जो उसे डोमिनेट करती है। नियमों के बदलाव के साथ डेमियन को अपनी सख्त बॉस, एलेक्स फॉक्स का सामना करना पड़ता है, जो दूसरी दुनिया में उसके अंडर में काम करने वाली एम्पलॉय है। रिलीज डेट- 22 मई, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- डार्क कॉमेडी ड्रामा।*

***गैबी डॉलहाउसः द मूवी*** *: इन गैबी डॉलहाउसः द मूवी की कहानी ग्रैंडमा गीगी और गैबी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कैट फ्रांसिस्को के लिए ट्रेवल करते हैं। यात्रा के दौरान गैबी की मैजिकल डॉल खिसककर कहीं दूर चली जाती है और उसे एक व्यवसायी बिल्ली खरीद लेती है। रिलीज डेट- 22 मई, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- एनिमेटेड म्यूजिकल फैंटेसी कॉमेडी।*

***स्कायमेड सीजन 4*** *: स्कायमेड के नए सीजन में कहानी उत्तरी कनाडा के मुख्य इलाके में तैनात एक एयर एम्बुलेंस क्रू की कहानी इस सीजन में आगे बढ़ेगी, जहां वह कॉर्पोरेट के उन बॉस के खिलाफ लड़ते हैं, जो पेशेंट से ज्यादा प्रॉफिट को वैल्यू करते हैं। रिलीज डेट-22 मई, प्लेटफॉर्म- जियो हॉटस्टार, जॉनर- मेडिकल ड्रामा।*

## पांच देशों की यात्रा में पीएम मोदी ने दिए खास उपहार

# भारत की सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक कला को वैश्विक मंच पर विशेष पहचान मिली, कई जीआई उत्पादों का विशेष महत्व बतलाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की अपनी पांच देशों की यात्रा पूरी कर ली। इस दौरे के दौरान भारत की सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक कला और कृषि उत्पादों को वैश्विक मंच पर विशेष पहचान मिली। पीएम मोदी ने विभिन्न देशों के नेताओं को भारत की विविध परंपराओं और हस्तशिल्प से जुड़े खास उपहार भेंट किए।

### इटलीः पीएम मेलोनी को मूगा सिल्क स्टोल



इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी को पीएम मोदी ने असम की प्रसिद्ध मूगा सिल्क स्टोल भेंट की। गोल्डन सिल्क के नाम से मशहूर मूगा सिल्क पूर्वोत्तर भारत की ब्रह्मपुत्र घाटी की एक दुर्लभ और प्रतिष्ठित पारंपरिक विरासत मानी जाती है। मूगा सिल्क दुनिया के सबसे मजबूत प्राकृतिक रेशों में गिनी जाती है और इसकी चमक समय के साथ और निखरती जाती है।

### शिरुई लिली सिल्क भी की भेंट



पीएम मोदी ने मेलोनी को शिरुई लिली सिल्क स्टोल भी भेंट की। यह स्टोल मणिपुर के शिरुई काशोंग पर्वत की धुंध भरी पहाड़ियों से प्रेरित है। इसका डिजाइन दुर्लभ शिरुई लिली फूल पर आधारित है, जो हल्के गुलाबी-सफेद रंग की घंटी के आकार वाली एक विशेष प्रजाति है और दुनिया में केवल मणिपुर में ही पाई जाती है।

### इटलीः राष्ट्रपति सर्जियो को मार्बल इनले वर्क बॉक्स



इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मैटारेला को पीएम मोदी ने आगरा की प्रसिद्ध पच्चीकारी कला से बना मार्बल इनले वर्क बॉक्स और पंडित भीमसेन जोशी व एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी की सीडी भेंट की। पच्चीकारी या पिएत्रा ड्यूरा कला की शुरुआत इटली के फ्लोरेंस शहर से मानी जाती है, जो बाद में भारत में शाही संरक्षण के तहत विकसित हुई।

### यूएईः राष्ट्रपति नाहयान को गुजराती केसर आम



संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को पीएम मोदी ने गुजरात के जीआई टैग वाले केसर आम भेंट किए। क्वीन ऑफ मैंगोज कहलाने वाला यह आम गुजरात के जूनागढ़ क्षेत्र से जुड़ा है और अपने केसरिया रंग, बिना रेशों वाले गूदे और खास सुगंध के लिए प्रसिद्ध है।

### यूएई के क्राउन प्रिंस को दी कटार



यूएई के क्राउन प्रिंस को पीएम मोदी ने राजस्थान की पारंपरिक कोफ्तगिरी कला से सजी औपचारिक कटार भेंट की। यह विशेष कटार भारत की युद्धक और कलात्मक विरासत का प्रतीक मानी जाती है। उदयपुर के सिकलीगर और पारंपरिक धातु शिल्पकार इस कला में स्टील पर सोने और चांदी की महीन तारों से फूलों और ज्यामितीय आकृतियों की नक्काशी करते हैं।

### पीएम स्टोरे को ऑर्किड पेंटिंग



नॉर्वे के पीएम जोनास गहर स्टोरे को पीएम मोदी ने प्रेस्ड ऑर्किड पेंटिंग और ऑर्किड पेपरवेट्स उपहार में दिए। सिक्किम की धुंध भरी घाटियों से लाए गए असली ऑर्किड और फर्न से तैयार ये कलाकृतियां पूर्वी हिमालय की जैव विविधता को दर्शाती हैं।

### नीदरलैंडः पीएम जेटेन को मधुबनी पेंटिंग



पीएम मोदी ने नीदरलैंड के पीएम रॉब जेटेन को मछली की आकृति वाली मधुबनी पेंटिंग भेंट की। मिथिला क्षेत्र की जीआई-टैग्ड मधुबनी कला अपनी ज्यामितीय आकृतियों और चमकीले रंगों के लिए प्रसिद्ध है। पारंपरिक रूप से महिलाओं द्वारा बनाई जाने वाली यह कला त्योहारों, विवाह और धार्मिक अनुष्ठानों में इस्तेमाल होती रही है। भारतीय लोककथाओं और पौराणिक कथाओं से प्रेरित इस कला में फूल, पेड़, पक्षी और मछली जैसे प्रतीकों का विशेष महत्व होता है।

---

## खबर संक्षेप

### डीआरआई ने जब्त की 120 करोड़ की ई-सिगरेट



**नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने प्रतिबंधित निकोटीन उत्पादों के अवैध आयात के विरूद्ध एक बड़ी कार्रवाई में पिछले कुछ दिनों में महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली और पश्चिम बंगाल के कई बंदरगाहों, हवाई अड्डों में चलाए गए अपने अभियानों में व्यापक स्तर पर विभिन्न ब्रांडों, स्वादों और विशिष्टताओं की लगभग 3,00,000 इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट/ वेप्स जब्त की गईं, जिनकी कीमत 120 करोड़ रुपए से अधिक है।

### यूक्रेन का रूस की तेल रिफाइनरी पर हमला



**कीव।** यूक्रेन ने बुधवार रात ड्रोन हमले कर रूस के अंदरुनी इलाके में तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया, जिससे उसमें आग लग गई और धुएं का गुबार देखा गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने यह दावा किया। यूक्रेन द्वारा रूस के महत्वपूर्ण तेल उद्योग पर लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियारों से हमला करने की यह नवीनतम घटना है। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर कथित हमले का एक वीडियो साझा किया है।

---






# रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 ने रचा सेवा, संस्कार, सामाजिक सरोकार और मित्रता का स्वर्णिम इतिहास

**जबलपुर।** रोटरी वर्ष 2025-26 में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 ने प्रांतपाल रोटे अमित पल्लवी जायसवाल के कुशल नेतृत्व में सेवा, सामाजिक सरोकार एवं जनहित कार्यों के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां अर्जित करते हुए रोटरी की एक नई पहचान स्थापित की। डिस्ट्रिक्ट 3261 के अंतर्गत (मप्र, छग व उड़ीसा) 100 से अधिक रोटरी क्लबों ने रोटरी के प्रमुख सात कार्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देकर समाज के हर वर्ग तक सेवा कार्यों की मजबूत छाप छोड़ी। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पूरे डिस्ट्रिक्ट में 51,000 से अधिक पौधों का रोपण कर हरित भविष्य की मजबूत पहल की गई। वहीं शिक्षा एवं प्रतिभा प्रोत्साहन के उद्देश्य से 25,000 से अधिक स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए खेल एवं पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन कर उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान किया गया।

स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के जीवन को संबल देने हेतु विशाल रक्तदान अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत पूरे डिस्ट्रिक्ट में आयोजित शिविरों से 5,000 से अधिक यूनिट रक्त संग्रहित कर शासकीय ब्लड बैंकों को उपलब्ध कराया गया। वर्तमान रोटरी वर्ष की उपलब्धियों की विस्तृत रिपोर्ट रोटरी डिस्ट्रिक्ट मीडिया चेयरमैन रोटे नितिन जैन द्वारा मीडिया से साझा की गई। शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न क्लबों द्वारा जरूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा सामग्री, कंप्यूटर लैब, स्कूल फर्नीचर एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए। साथ ही जबलपुर की नेत्रहीन कन्याशाला हेतु प्रांतपाल द्वारा विशेष आर्थिक सहयोग प्रदान कर संवेदनशील सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया गया।विद्यार्थियों के मानसिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक डॉ. ईला गुप्ता के सहयोग से मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं



ओड़िशा के अनेक स्कूलों एवं कॉलेजों में विशेष मोटिवेशनल एवं काउंसलिंग सत्र आयोजित किए गए, जिससे 4000 से अधिक छात्र-छात्राओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन एवं नई दिशा का संचार हुआ।

रोटरी फाउंडेशन हेतु एक लाख डॉलर से अधिक का योगदान एकत्रित कर डिस्ट्रिक्ट ने वैश्विक सेवा कार्यों में भी अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। इसके अतिरिक्त एम्बुलेंस, स्कूल बस, व्हीलचेयर, स्कूल फर्नीचर एवं अन्य जनोपयोगी संसाधन उपलब्ध कराने में भी डिस्ट्रिक्ट निरंतर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।रोटरी वर्ष 2025-26 को ऐतिहासिक सफलता दिलाने में टीम अमित (असीम मित्रता की ताकत) के मजबूत आधार स्तंभ डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी रोटे सोमनाथ अग्रवाल, रोटे सुशील रामदास अग्रवाल, रोटे अजित खंडेलवाल सहित डिस्ट्रिक्ट मैनेजमेंट टीम के रोटे नवीन भवसार, रोटे अंजुल जैन, रोटे परवेज अली, रोटे कमलजीत छाबड़ा, रोटे गौरव जिंदल, असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, सिटी कोऑर्डिनेटर, क्लब अध्यक्ष, सचिव एवं डिस्ट्रिक्ट के 3000 से अधिक रोटरी सदस्यों का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

इसी सेवा, रोटरी के प्रति समर्पण, संगठन शक्ति एवं मित्रता का परिणाम रहा कि इस वर्ष रायपुर में आयोजित वार्षिक डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में 1200 से अधिक रोटरी पदाधिकारियों एवं सदस्यों की ऐतिहासिक उपस्थिति दर्ज हुई, जो अब तक का सबसे बड़ा डिस्ट्रिक्ट रिकॉर्ड माना जा रहा है। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 का यह स्वर्णिम सेवा वर्ष समाजसेवा, संगठन क्षमता, मानवीय मूल्यों एवं मित्रता की नई मिसाल बनकर उभरा है। डिस्ट्रिक्ट ने सेवा के साथ-साथ सामाजिक समरसता, संगठनात्मक मजबूती और आपसी मित्रता के नए आयाम स्थापित किए हैं।वर्तमान रोटरी वर्ष की ऐतिहासिक उपलब्धियों से परिपूर्ण कार्य करने वाले क्लबों के अध्यक्ष, सचिव एवं पूरी टीम को सम्मानित करने हेतु 7 जून को रायपुर में "आभार मित्रों का" सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी को सम्मान चिन्ह प्रदान कर भविष्य में भी समाजहित एवं सेवा कार्यों में निरंतर योगदान देने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा।

---

# झारखंड में 27 नक्सलियों का सरेंडर छत्तीसगढ़ में दो कमांडरों की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/रांची

झारखंड में नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने की ओर से आज एक बड़ा कदम उठाया गया है। झारखंड में 'ऑपरेशन नवजीवन' को बड़ी कामयाबी मिली है। यहां 27 नक्सलियों ने गुरुवार को सरेंडर कर दिया। इस तरह से प्रदेश में अब नक्सलवाद लगभग खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है। यह बताना लाजिमी है कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद का खात्मा हो चुका है, लेकिन दो टॉप लीडर की अभी भी तलाश की जा रही है। यहां थोक में सरेंडर हुए हैं। खबर के अनुसार झारखंड में नक्सलियों ने हथियारों और गोलियों के साथ आत्मसमर्पण किया है। झारखंड की डीजीपी तदाशा मिश्रा की उपस्थिति में गुरुवार को यहां पुलिस के समक्ष कुल 27 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया।

### बच्चे के साथ महिला ने किया समर्पण

नक्सलियों ने हथियारों और गोलियों के साथ आत्मसमर्पण किया है। इनमें कई महिला नक्सली भी शामिल हैं। एक महिला नक्सली जब आमत्समर्पण के लिए आई तो उनके गोद में एक साल से भी छोटा बच्चा था। झारखंड में नक्सलवाद अंतिम सांस ले रहा है।

### 1 करोड़ के इनामी मिसिर के करीबियों ने भी छोड़े हथियार

झारखंड का सबसे कुख्यात माने जाने वाला नक्सली मिसिर बेसरा ने अभी तक हथियार नहीं डाले हैं। इस पर 1 करोड़ का इनाम है। हालांकि सरेंडर करने वालों में 25 केंद्रीय कमेटी के सदस्य हैं। इनमें बेसरा और असीम मंडल की टीम के टॉप कमांडर और मारक दस्ता के सदस्य हैं। बताया जा रहा है कि ये आतंकी कोल्हान और सारंडा के जंगलों में एक्टिव थे।

### छत्तीसगढ़ में टॉप लीडर गणपति व मिसिर की तलाश

नक्सल संगठन के टॉप लीडर गणपति व मिसिर बेसरा के लोकेशन एवं पहचान सुनिश्चित कर उन तक पहुंचने के लिए सुरक्षा एजेंसियां रणनीति बना रही हैं। वर्तमान में नक्सल संगठन में गणपति उर्फ रमन्ना उर्फ मुपल्ला लक्ष्मण राव पोलित ब्यूरो मेंबर व सलाहकार सेण्ट्रल कमेटी तथा मिसिर बेसरा उर्फ भास्कर उर्फ सुनिर्मल पोलित ब्यूरो मेंबर के अलावा इंचार्ज ईआरबी व मिलिट्री है।

---

### अमेरिकन चेंबर ऑफ कॉमर्स समिट में मंत्री गोयल बोले

# अमेरिकी से 60 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश दोनों देशों के बीच 'विश्वास' का प्रतीक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली में आयोजित अमेरिकन चेंबर ऑफ कॉमर्स के वार्षिक लीडरशिप समिट को संबोधित करते हुए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत और अमेरिका स्वाभाविक साझेदार के रूप में काम कर रहे हैं और दोनों देशों के बीच सहयोग, विश्वास तथा साझा आर्थिक हित लगातार मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी, रक्षा, डिजिटल डेटा केंद्र, क्वांटम कंप्यूटिंग और चिकित्सा उपकरण जैसे क्षेत्रों में दोनों देश एक-दूसरे के पूरक हैं।

### निवेश में बड़ी कंपनियों के डेटा सेंटर शामिल



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

पीयूष गोयल ने कहा कि पिछले छह महीनों में अमेरिकी उद्योग से 60 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश प्राप्त हुआ है। इसमें अमेजन और गूगल जैसी कंपनियों के बड़े डेटा सेंटर निवेश शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक कंपनियों को विश्वसनीय ढांचा, विशाल बाजार, प्रतिभाशाली मानव संसाधन और बड़े पैमाने पर अवसर उपलब्ध करा रहा है।

### अमेरिका का भरोसेमंद साझेदार बना भारत

पीयूष गोयल ने कहा कि अमेरिका ऐसे साझेदार की तलाश में है जो समय पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध करा सके और भारत ने यह क्षमता साबित की है। उन्होंने कहा कि भारत बौद्धिक संपदा अधिकारों का सम्मान करते हुए वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में भरोसेमंद भागीदार के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका की अर्थव्यवस्थाओं में प्रतिस्पर्धा कम और पूरकता अधिक है, जिससे भविष्य की मजबूत और विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखलाओं का निर्माण संभव हो रहा है।

---

### कैलाश मानसरोवर यात्रा 2026

# कंप्यूटरीकृत ड्रॉ से 1000 यात्रियों का किया चयन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कैलाश मानसरोवर यात्रा 2026 के लिए यात्रियों के चयन के लिए कंप्यूटरीकृत ड्रॉ निकाला। कुल एक हजार यात्री 20 जत्थों में यात्रा करेंगे। कैलाश मानसरोवर यात्रा 2026 जून में शुरू होगी और अगस्त में समाप्त होगी।

इस बार कुल 1000 यात्रियों का चयन निष्पक्ष, कंप्यूटर आधारित और महिला-पुरुष संतुलित प्रक्रिया के तहत किया गया है। चयनित यात्री 20 जत्थों में यात्रा करेंगे। हर जत्थे में 50 यात्री होंगे। यात्रा लिपुलेख और नाथू ला दर्रों के रास्ते कराई जाएगी। दोनों रास्ते अब पूरी तरह मोटर योग्य



विदेश मंत्री जयशंकर ड्रॉ निकालते हुए

हैं और इनमें बहुत कम पैदल चलना पड़ेगा। यात्रा मार्ग और जत्थों की जानकारी यात्रा की वेबसाइट पर उपलब्ध है। चयनित यात्रियों को एसएमएस और ईमेल के जरिये सूचना भेज दी गई है। यात्री kmy.gov.in वेबसाइट पर लॉग इन कर अपने चयन की स्थिति देख सकते हैं। इसके अलावा, हेल्पलाइन नंबर 011-23088214 पर भी जानकारी ली जा सकती है।

---

## भारतीय नौसेना युद्धपोत 'संघमित्रा' का लोकार्पण




**कोलकाता।** भारतीय नौसेना के लिए तैयार किए जा रहे अगली पीढ़ी के ऑफशोर पेट्रोल वेसल 'संघमित्रा' का बुधवार को गार्डन रिच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई), कोलकाता में भव्य समारोह के दौरान लॉन्च किया गया। यार्ड 3039 नामक इस युद्धपोत का लॉन्च सरिता वात्सायन ने किया। इस अवसर पर नौसेना उप प्रमुख वाइस एडमिरल संजय वात्सायन समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस पोत का नाम 'संघमित्रा' सम्राट अशोक की पुत्री के नाम पर रखा गया है। जहाज के प्रतीक चिन्ह में सप्तऋषि तारामंडल और लाल-सफेद रंग के प्रकाश स्तंभ को दर्शाया गया है। स्वदेशी तकनीक से डिजाइन और निर्मित ये युद्धपोत समुद्री निगरानी, खोज एवं बचाव अभियान, अपतटीय परिसंपत्तियों की सुरक्षा, मानवीय सहायता एवं आपदा राहत अभियान और समुद्री डकैती रोधी अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

---

### मोजतबा खामेनेई ने दिए सख्त निर्देश, ईरान से बाहर नहीं जाएगा यूरेनियम भंडार

# ट्रंप की धमकी के बावजूद तेहरान ने खारिज की यूएस की मांग

एजेंसी ▶▶| तेहरान/ वॉशिंगटन

तेहरान और वाशिंगटन के बीच कूटनीतिक तनाव जारी है। इस बीच ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने आदेश दिया है कि संवर्धित यूरेनियम का भंडार देश से बाहर नहीं जाना चाहिए। इस तरह उन्होंने अमेरिका के शांति वार्ता में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रमुख मांग को खारिज कर दिया है। दूसरी ओर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा कि दबाव और युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि ईरान ने लगातार अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान किया है और युद्ध से बचने के लिए हर संभव प्रयास किया है, हमारी ओर से सभी रास्ते खुले हैं। ईरान हमेशा बातचीत और कूटनीति के लिए तैयार है, लेकिन जबरदस्ती आत्मसमर्पण स्वीकार नहीं किया जाएगा।

*ईरानी राष्ट्रपति बोले - दबाव और युद्ध समस्या का समाधान नहीं*

### समझौता नहीं तो कड़ी कार्रवाई तयः ट्रंप



डोनाल्ड ट्रंप | मोजतबा खामनेई

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ईरान के साथ अंतिम चरण में है और यदि ईरान ने डील पर हस्ताक्षर नहीं किए, तो अमेरिका कठोर और अप्रिय कदम उठा सकता है। ट्रंप ने कहा कि हम ईरान के साथ अंतिम चरण में हैं। देखते हैं क्या होता है। या तो वे एक डील करेंगे या फिर हम कुछ ऐसी चीजें करेंगे जो थोड़ी कठोर होंगी, लेकिन उम्मीद है कि ऐसा नहीं होगा।

### बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनाया सख्त रुख

इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने भी सख्य रुख अपनाया हुआ है। उन्होंने कहा कि वह तब तक शत्रुता समाप्त करने पर विचार नहीं करेंगे, जब तक संवर्धित यूरेनियम को पूरी तरह ईरानी नियंत्रण से बाहर नहीं कर दिया जाता है, जब तक ईरान अपने समर्थित क्षेत्रीय लड़ाकू समूहों को वित्तीय समर्थन देना पूरी तरह बंद नहीं करता है और अपनी बैलिस्टिक मिसाइल प्रणाली को पूरी तरह खत्म नहीं कर देता है।

### अमेरिकी संसद में ईरान जंग रोकने वाला प्रस्ताव पास

अमेरिकी संसद में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सैन्य शक्तियों को सीमित करने वाला प्रस्ताव गुरुवार को पास हो गया है। वोटिंग में 4 रिपब्लिकन सांसदों ने भी विपक्षी पार्टी डेमोक्रेट्स का साथ दिया। हालांकि 3 रिपब्लिकन सांसद वोटिंग में शामिल नहीं हुए। यह प्रस्ताव 50-47 से पास हुआ, हालांकि इसे कानून बनने के लिए अभी कुछ और चरणों से गुजरना होगा। अगर यह प्रस्ताव कानून बनता है, तो ट्रंप सरकार को ईरान के खिलाफ युद्ध जारी रखने के लिए कांग्रेस की मंजूरी लेनी होगी। अभी सीनेट में इस पर अंतिम वोटिंग होनी बाकी है। इसके बाद इसे रिपब्लिकन बहुमत वाली हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स से मंजूरी लेनी होगी। हालांकि उसके बाद भी ट्रंप इसके खिलाफ वीटो कर सकते हैं। फिर उस वीटो को रद्द करने के लिए सीनेट और हाउस दोनों में दो-तिहाई बहुमत चाहिए होगा, जो फिलहाल मुश्किल माना जा रहा है।

---

### यूएन में भारत का पाकिस्तान पर तीखा

# अफगान नागरिकों पर हमलों को बताया अमानवीय, 'रमजान' में भी नहीं बक्शा

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

भारत ने पाकिस्तान की दोहरी नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह एक तरफ अंतरराष्ट्रीय कानून की बात करता है जबकि दूसरी तरफ अफगानिस्तान में आम नागरिकों को बेरहमी से मारता है। यह हमले इस्लाम के पवित्र महीने रमजान के दौरान किए गए और उन लोगों को निशाना बनाया गया जो शाम की नमाज के बाद मस्जिद से बाहर निकल रहे थे। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने सुरक्षा परिषद में कहा कि अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) ने बताया है कि 2026 के पहले तीन




महीनों में पाकिस्तान की सेना की ओर से की गई सीमा पार सैन्य कार्रवाई में 750 आम नागरिक मारे गए या घायल हुए। इनमें ज्यादातर घटनाएं हवाई हमलों की वजह से हुईं। चीन की अध्यक्षता में आयोजित 'सशस्त्र संघर्ष में नागरिकों की सुरक्षा' विषय पर खुली बहस में हिस्सा लेते हुए हरीश ने कहा कि दुनिया पाकिस्तान के प्रचार को अच्छी तरह समझती है। उसमें न भरोसा है, न कानून का सम्मान।